Title: Re: Welfare schemes for Minority students.

श्री हाजी फजलुर रहमान (सहारनपुर): सभापति जी, आपका शुक्रिया । हमारी मौज़ूदा सरकार का जो सबसे चर्चित नारा है ? सबका साथ, सबका विश्वास और सबका विकास, मुझे ऐसा लगता है कि माइनोरिटीज़ के लोगों को इसका फायदा कम मिल रहा है । मिसाल के तौर पर पिछली मर्तबा जो बजट आया । इसी तरीके से मौलाना आज़ाद नेशनल फेलोशिप स्कीम को बंद कर दिया गया । हालांकि हमारे मंत्री महोदय ने कहा था कि यह जारी है । लेकिन स्टूडेंट्स को वह पैसा नहीं मिल रहा है । इसी तरीके से हमारे यूपीएसएसी के एग्ज़ाम के सिलसिले में जो सहायता माइनोरिटीज़ के बच्चों को मिला करती थी, वह स्कीम भी बंद कर दी गई है । इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि आप इन तमाम स्कीमों को जारी करने का आदेश पारित करें ।

धन्यवाद ।